आकाशवाणी श्री विजयपुरम

29.09.2025 समय : 1850

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा भारतीय तटरक्षक बल ने अब तक साढ़े चौदह हजार लोगों की जान बचायी है। उन्होंने इसमें ए आई और साइबर डिफेन्स को शामिल करने की सलाह दी।

- जापान के नोबल विजेता काजिता ने नवाचार सुधारों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा जापान को आर एन डी के क्षेत्र में भारत से सींख लेनी चाहिए।

- पी एच सी बिल्लीग्राउन्ड में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य की जांच की गई।

- अंडमान कृषि विभाग द्वारा किसानों, व्यापारियों और पी ए सी प्रतिनिधियों के लिए छह अक्टूबर को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बहुआयामी सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए स्वचालित प्रतिक्रिया प्रणालियों को एकीकृत करने की आवश्यकता पर बल दिया। आज नई दिल्ली में भारतीय तटरक्षक बल कमांडर्स कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, श्री सिंह ने कहा कि रक्षा बलों को बहुआयामी सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने समुद्री सुरक्षा खतरों से निपटने और आपदा स्थितियों के प्रबंधन में तटरक्षक बल की महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना की।

<><><><><><><>

जापानी नोबेल पुरस्कार विजेता भौतिक विज्ञानी ताकाआकी काजिता ने कहा है कि पिछले दशक में भारत के वैश्विक नवाचार सूचकांक में लगातार सुधार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और प्रयासों का परिणाम है। काजिता ने पीएम मोदी के नेतृत्व में शोध और विकास पर बढ़ते ध्यान और निवेश को महत्वपूर्ण बताया और भारत–जापान के बीच विज्ञान और तकनीक में साझेदारी को प्रोत्साहित किया। काजिता उन बीस प्रमुख जापानी वैज्ञानिकों में शामिल थे जिन्होंने भारत और जापान के बीच 'नेक्स्ट जनरेशन साइंस और टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप' को आगे बढ़ाने के लिए एक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि जापान को शोध और विकास के क्षेत्र में भारत से सीखने की आवश्यकता है। भारत ने पिछले दशक में ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में उल्लेखनीय सुधार किया है। 2014 में छिहत्तरवें स्थान पर स्थित भारत अब 2025 में अड़तीसवें स्थान पर पहुंच गया है। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में कहा था कि भारत अगले तीन वर्षों में ळप्ब् में शीर्ष दस देशों में शामिल होगा।यह बयान काजिता ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी और जापान की टोक्यो यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में दिया, जिसमें भारत और जापान के बीच नवाचार और साझेदारी पर चर्चा हुई।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, जो इस महीने की बाईस तारीख को शुरू हुआ, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये सुधार स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र पर कर की दर को कम करके नागरिकों को काफी राहत प्रदान कर रहे हैं।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बताया है कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत देशभर में अब तक नौ लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाये गये हैं। नई दिल्ली में आज एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य सम्मेलन में श्री नड्डा ने बताया कि नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में, देश का स्वास्थ्य दृष्टिकोण, उपचारात्मक दृष्टिकोण से हटकर एक समग्र मॉडल की ओर बढ़ गया है।

<><><><><><><>

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत पी.एच.सी. बिल्लीग्राउंड में विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। डॉ. मीनाक्षी सी. कोटेस्वरन, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं डॉ. थिरुमणि पृथ्वी, बाल रोग विशेषज्ञ, आर.पी. अस्पताल मायाबंदर के साथ अन्य चिकित्सकों ने शिविर में आई महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच की। शिविर की शुरुआत में महिलाओं की बीमारियों और बाल स्वास्थ्य पर जानकारी दी गई। इसके बाद बावन महिलाओं की गायनी ओपीडी, छप्पन बच्चों की पीडियाट्रिक ओपीडी, इकसठ व्यक्तियों की एन सी डी जाँच, दस ए एन सी जांच, सात अनीमिया जांच, पांच टीबी जांच और सात किशोरों को परामर्श दिया गया। कुल एक सौ पांच लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। यह पहल जनजागरूकता बढ़ाने और अच्छी चिकित्सा सेवाएं गांव–गांव तक पहुँचाने में सफल रहीं।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के कृषि विभाग एवं कोऑपरेटिव सोसाइटियों के रजिस्ट्रार द्वारा छ अक्टूबर को दक्षिण अंडमान और उत्तर एवं मध्य अंडमान के कृषि विभाग के सम्मेलन हॉल में एक संघ प्रदेश स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि इनपुट सिस्टम को मजबूत करना और पी.एम किसान समृद्धि केंद्रों के बारे में जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में बीज अधिनियम, कीटनाशक अधिनियम और उर्वरक अधिनियम की जानकारी, विशेषज्ञों के साथ प्रश्नोत्तरी सत्र और किसानों, PAC प्रतिनिधियों और व्यापारियों के बीच नेटवर्किंग और जानकारी साझा की जाएगी। सभी PAC सदस्य और इच्छुक इनपुट व्यापारी इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किए गए हैं।

<><><><><><><>

आज विश्व हृदय दिवस है। यह दिवस हर साल उनतीस सितंबर को हृदय रोगों, उनकी रोकथाम और उनके वैश्विक प्रभाव के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि विश्व हृदय दिवस हृदय स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालता है और हृदय संबंधी बीमारियों की रोकथाम के लिए सक्रिय उपायों को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि यह संतुलित पोषण, नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन के माध्यम से एक मजबूत और स्वस्थ हृदय बनाए रखने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। मंत्री ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर, व्यक्ति हृदय रोग के जोखिम को काफी कम कर सकते हैं और समग्र स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं। श्री नड्डा ने कहा कि यह दिन समुदायों को लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए शीघ्र पहचान, समय पर उपचार और हृदय–अनुकूल आदतों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करता है।

<><><><><><><>